# भारत और नीदरलैंड में सहमति



### रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढाने आशय पत्रों आदान-प्रदान

**नई दिल्ली, 18 दिसम्बर. भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है.**

दोनों देशों ने रक्षा प्रौद्योगिकी, रक्षा उद्योग और सैन्य सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से आशय पत्रों (एलओआई) का आदान-प्रदान किया. इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील मौजूद रहे. भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और रक्षा प्रौद्येगिकी तथा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए गुरुवार को यहां आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया.

## वायुसेना भविष्य की चुनौतियों को झेलने को तैयार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय वायु सेना प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों में फुर्तीली, रणनीतिक रूप से आत्मविश्वास से लबरेज और भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार एक आधुनिक फोर्स बन चुकी है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत, सटीकता और कम समय में निर्णायक कार्रवाई करने की क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना को प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत और अभियान क्षमता का बखूबी से प्रदर्शन किया. श्री सिंह ने गुरुवार को यहां वायु सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचारों, प्रौद्योगिकी और जल्द से जल्द स्थिति के अनुरूप ढलने क्षमता की लड़ाई है.

# ईडी ने जब्त की 3,436 करोड़ की अचल संपत्ति

### पीएसीएल घोटाला मामले में लुधियाना में कार्रवाई

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (वार्ता)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएसीएल मामले और अन्य मामलों में चल रही जांच के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना में स्थित 169 अचल संपत्तियों को जब्त किया है, जिनकी मौजूदा कीमत 3,436.56 करोड़ रुपये है. ईडी के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. ईडी ने यह जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), बीएसएफसी, नई दिल्ली द्वारा पीएसएल लिमिटेड, पीजीएफ लिमिटेड, दिवंगत निर्मल सिंह भंगू और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 की धारा 120-बी और 420 के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी.



ईडी की जांच में पता चला कि लाखों निवेशकों से जुटाई गई निधि का एक हिस्सा पीएसीएल के नाम पर इन 169 अचल संपत्तियों को खरीदने में इस्तेमाल किया गया था, जिनकी मौजूदा कीमत 3436.56 करोड़ रुपये है. उन्होंने बताया कि अब तक इस मामले में ईडी ने 5602 करोड़ रुपए (लगभग) की चल और अचल संपत्तियों को जब्त किया है, जिसमें पूरे भारत में स्थित घरेलू संपत्तियां और विदेशी संपत्तियां दोनों शामिल हैं.

## लाल किला केस में नौवां आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार विस्फोट मामले में एक और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है. इस विस्फोट में 11 लोगों की मौत हुयी थी और कई अन्य घायल हुए थे. इस मामले में गिरफ्तार होने वाला नौवां व्यक्ति यासिर अहमद डार है जो जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के शोपियां का निवासी है. उसे केंद्रीय एजेंसी ने नयी दिल्ली से गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है.

# दुबई से भारत तक फैला मादक आतंकवाद मॉड्यूल बेनकाब

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दुबई में रह रहे अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर जसमीत सिंह हकीमजादा के खिलाफ दायर आरोप पत्र में एक कथित मादक आतंकवाद नेटवर्क का खुलासा किया है.**

हेरोइन की तस्करी और उससे होने वाली कमाई को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) को वित्त पोषित करने के लिए इस्तेमाल कर रहा था. यह आरोपपत्र राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत में दायर किया गया. आरोपपत्र में मादक पदार्थ हेरोइन की बिक्री से होने वाला मुनाफा आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंड जुटाकर केएलएफ के मकसद को पूरा करने के लिए था. आरोपी ने केएलएफ की आतंकवादी गतिविधियों को फाइनेंस करने के लिए एक मादक आतंकवाद मॉड्यूल चलाने की आपराधिक साजिश रची थी. जांच के दौरान पता चला कि जसमीत सिंह हकीमजादा अपने माता-पिता और भारत और यूएई में कई संबंधित कंपनियों के साथ, फरवरी 2019 में फॉरेन नारकोटिक्स किंगपिन डेजिग्नेशन एक्ट के तहत अमेरिकी ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल (ओएफएसी) की विशेष रुप से नामित लोगों की सूची में शामिल किए गए थे.

# श्रम कानूनों में बदलाव का उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना : मनमोहन

### डिकोडिंग द कोड ऑफ फोर कोड विषय पर कार्यक्रम

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर.** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश मनमोहन ने कहा कि नई श्रम संहितायें श्रम बाजार में लचीलापन बढ़ाने और श्रमिकों का संरक्षण एवं संतुलन बनाने का प्रयास करती हैं.

न्यायमूर्ति मनमोहन ने यहां डिकोडिंग द कोड ऑफ फोर लेबर कोड विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि इन श्रम संहिताओं को लागू करने का उद्देश्य व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देना है. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधि मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव डॉ मनोज कुमार ने कहा कि जिस तरह यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी ने समय के साथ अपने श्रम अधिकारों को लेकर अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किए, इसी तरह हर देश की अपनी अलग परिस्थितियां और चुनौतियां होती हैं. उन्होंने कहा, हमारे देश में श्रम संहिताओं में ये सुधार आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और संवैधानिक शासन के संगम पर स्थित है.

श्रम कानून केवल रोजगार सम्बन्धों को नियंत्रित करने वाले नियमों का समूह नहीं है, बल्कि ये राष्ट्र की नैतिक-आर्थिक संरचना है. कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसका कार्यबल सुरक्षित, कुशल उत्पादक और संरक्षित न हो.

## आज का इतिहास

- 1842 - अमेरिका ने हवाई प्रांत के रूप में मान्यता दी
- 1919 - भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता ओम प्रकाश का जन्म।
- 1927 - महान् स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फाँसी दे दी।
- 1934 - भारत की पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटील का जन्म।
- 1941 - जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने सेना की पूरी कमान अपने हाथ में ले ली और जर्मन सेना का कमांडर इन चीफ बना।

## कांग्रेस ने बुलाई कार्य समिति की बैठक

नई दिल्ली. कांग्रेस आलाकमान ने 27 दिसंबर को यहां कार्यसमिति की बैठक बुलाई जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य सदस्य शामिल होंगे. पार्टी सूत्रों अनुसार मोदी सरकार की ओर से संसद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन वीबी - जी राम-जी विधेयक लाए जाने और अधिनियम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटो जाने के मुद्दे पर कार्यसमिति में चर्चा की जाएगी.


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग आलीराजपुर (म. प्र.)

सिनेमा चौराहा कुक्षी रोड आलीराजपुर फोन न. 07394-233548 ई-मेल :- eepwdali@mp.gov.in

निविदा सूचना क्रमांक 12 / व.ले. लि / वर्ष 2025-26 — आलीराजपुर, दिनांक 13/12/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| स. क्र. | पोर्टल पर टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | पी.ए.सी. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि (रूपये) | निविदा शुल्क राशि (रूपये) | कार्य पूर्ण करने का समय समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | 2025_PWDRB_467852_1 | (STMC) योजना के अंतर्गत बी. टी. पेंच रिपेयर एवं अन्य संधारण मरम्मत कार्य। | लोक निर्माण विभाग संभाग आलीराजपुर के अंतर्गत (STMC) योजना के तहत विभिन्न मार्गो का बी. टी. पेंच रिपेयर एवं अन्य संधारण मरम्मत कार्य कुल लम्बाई 28.92 कि.मी. । | प्रथम | 38.12 | 50000.00 | 5000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| योग :- | | | | | 38.12 | 50000.00 | 5000.00 | |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारम्भ दिनांक 13 / 12 / 2025 प्रातः 10:30 एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 26/12/2025 सायं 05:30 बजे निर्धारित है। निविदा दिनांक 29/12/2025 को खोली जावेगी । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पोर्टल पर किया जावेगा पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। ई-ई.एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ही स्वीकार की जावेगी ।

G22866/25 'बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल'

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग आलीराजपुर

## कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)

लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.- 34 / 2025 / निविदा / सा / मु.अ.भ./ — भोपाल दिनांक 10.12.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है -

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_468454_1 | जोनल टेंडर फार सप्लाई एण्ड इन्स्टॉलेशन ऑफ फर्नीचर इन सी.एम. राईज (सांदीपनी) स्कुल इन डिस्ट्रीक्ट - 1. आगर मालवा (आगर, सुसनेर, नलखेड़ा) 2.बैतूल (मुलताई, बैतूल बाजार, आमला) 3.देवास ( सन्नोद, बागली, पोलाखाल, खातेगांव, कन्नोद, बाल 4. हरदा (करताना, खिरकिया, अबगांव (कला) 5. नर्मदापुरम ( सोहागपुर, बाबई, पिपरिया, बनखेड़ी, इटारसी, पावरखेड़ा) (द्वितीय आमंत्रण) | देवास | 1458.88 | 1000000 | 30000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 10.12.2025 समय 10.30 से दिनांक 26.12.2025 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G22883/25 'बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल'

मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग भोपाल

## कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)
### लोक निर्माण विभाग ओल्ड पलासिया इन्दौर (म.प्र.)

ई-मेलः apdpiuindore@gmail.com

क्र. एफ-3 / सामान्य / निविदा प्रकाशन / मु.अ. (भवन) इन्दौर / 2026 / एनआईटी-28/3456 — इन्दौर दिनांकः 15/12/25

**विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 28 / 2025**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, म.प्र. द्वारा दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील एस. ओ. आर. एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि संशोधित, निर्धारित तिथि (Key - Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_467473_1 | शासकीय महाविद्यालय सांवेर जिला इन्दौर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण और स्थल विकास (खेल का मैदान और भूनिर्माण) का निर्माण कार्य। | इन्दौर | 251.53 | 2,51,530 | 15,000 | 12 |

निविदा संबंधित तिथियां (Key-Date) :-
1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 10.12.2025
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 11.12.2025
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 26.12.2025
4. बिड खोलने की तिथि - 29.12.2025

G22878/25 'बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल'

मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग इन्दौर

## SBFC एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्ववर्ती एसबीएफसी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड)

पंजीकृत कार्यालयः- यूनिट नंबर 103, पहली मंजिल, सी एंड बी स्क्वायर, संगम कॉम्पलेक्स, गांव चकाला, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400059।

### मांग नोटिस

जबकि नीचे उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं ने एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हम यह बताते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, उधारकताओं/गिरवीदारों ने नियत तिथियों पर ब्याज और मूलधन के भुगतान में कई चूक की हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के आदेशानुसार, एसबीएफसी की पुस्तकों में इस खाते को नीचे उल्लिखित संबंधित तिथियों पर गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एन परफॉर्मिंग एसेट) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("SARFAESI अधिनियम") के अंतर्गत, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित उधारकताओं/गिरवीदारों को संबंधित तिथियों पर मांग नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें निम्नलिखित उधारकताओं/गिरवीदारों को नोटिस में उल्लिखित राशि, संविदात्मक दर पर ब्याज सहित, नोटिस में उल्लिखित राशि और आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि का भुगतान नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया है। उनके अंतिम ज्ञात पते पर भेजे गए नोटिस अप्राप्य वापस आ गए हैं, अतः उन्हें इस संबंध में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| स क्र. | ऋणकर्ता का नाम / पता | मांग की तिथि सूचना एवं एनपीए | ऋण और बकाया राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) का उचित पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. मुजीब खान (आवेदक) 2. शबनम बी (सह-आवेदक) 3. साजिद के (सह-आवेदक) पता है : केसूर केसूर, धार मप्र, मध्य प्रदेश. 454001. और इसके अलावा, At: 1 ए. मुजीब खान (आवेदक) सर्वे क्रमांक 314, पीएच नं. 20/94, मकान नं.144, शब्द नं.04, ग्राम केसूर, धार, मध्य प्रदेश 454001. | मांग सूचना दिनांकः 9 दिसंबर 2025 एनपीए दिनांकः (एनपीए) 04.07.2025 | ऋण खाता संख्याः - 0000009025-C (PR01453869), ऋण राशि रु. 2680000.00/- (छब्बीस लाख अस्सी हजार मात्र) सुविधा अनुबंध संख्या 0000009025-C (PR01453869) के लिए। कुल बकाया राशिः रु. 3008404/- (तीस लाख आठ हजार चार सौ चार मात्र) दिनांक 10 दिसंबर 2025 तक, साथ ही 11 दिसंबर 2025 से अनुपलब्ध ब्याज। | यह संपत्ति, जिसका पूरा हिस्सा मकान संख्या 144 है, सर्वे संख्या 314, पटवारी हल्का संख्या 20, ग्राम केसूर, तहसील एवं जिला धार (मध्य प्रदेश)। दस्तावेजों के अनुसार सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः सलाम पटेल का मकान, पश्चिमः गुड्डू हवलदार का मकान, उत्तरः नवाब पटेल का भूखंड, दक्षिणः आम सड़क। |

उपरोक्त परिस्थितियों में, उपरोक्त उधारकताओं और सह-उधारकताओं को यह सूचना दी जाती है कि वे उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान भविष्य के ब्याज और लागू शुल्कों सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर करें, अन्यथा इस सूचना की तिथि से 60 दिनों की समाप्ति के बाद उधारकताओं और गिरवीदारों की गिरवी संपत्तियों पर कब्जा करने सहित, एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13(4) और उसके अंतर्गत लागू नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13(13) के अंतर्गत, कोई भी उधारकर्ता, गिरवी ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिना, नोटिस में उल्लिखित अपनी किसी भी गिरवी संपत्ति को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित नहीं करेगा।

दिनांकः 19 दिसंबर 2025, स्थानः धार/मध्य प्रदेश — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड

## आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश
59 आदि भवन अरेरा हिल्स भोपाल

क्रमांक/शि.स्था.4/1049/ब्रिजकोर्स/2024-25/26467A — दिनांक 17/12/25

**बी.एड योग्यताधारी नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षकों के लिए सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील 5068/2023 एवं माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा WP 13768/2022 में पारित आदेशों के क्रम में प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 के परिणाम के आधार पर नियुक्त विभागीय बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) द्वारा ब्रिज कोर्स की प्रक्रिया आरंभ की गई है। दिनांक 28/06/2018 से दिनांक 11/08/2023 तक नियुक्त समस्त विभागीय प्राथमिक शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25/12/2025 तक NIOS के पोर्टल https://bridge.nios.ac.in पर ब्रिजकोर्स हेतु अपना रजिस्ट्रेशन पूर्ण करें। समय-सीमा में रजिस्ट्रेशन न करने वाले अथवा निर्धारित समयावधि में ब्रिजकोर्स उत्तीर्ण न करने वाले प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुसार जारी नहीं रखी जा सकेगी।

**अन्य विवरण :-**

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) की आधिकारिक पोर्टल (bridge.nios.ac.in) के माध्यम से ही नामांकन प्रक्रिया की जाना है।

- प्रारंभिक तिथि दिनांक 24 नबंवर 2025
- अंतिम तिथि दिनांक 25 दिसम्बर 2025
- शुल्क, पात्रता एवं अन्य विवरण के लिए www.bridge.nios.ac.in देखें।
- अधिक जानकारी के लिए ई-मेल bridgesupport@nios.ac.in देखें।

G22869/25 — अपर संचालक जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश

## कार्यालय नगर परिषद लोहारदा जिला देवास (म.प्र.)

E-mail- cmolobarda@mpurban.gov.in

क्रमांक2173/न.प./2025/ — लोहारदा दिनांक 18.12.25

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रिय क्रय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन टेन्डर नम्बर | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | टेण्डर क्रय की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_469137_1 | मुख्यमंत्री नगरीय अधोसंरचना अंतर्गत सी.सी.रोड, सी.सी. नाली एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 11207564/- | 56000/- | 13823/- | 06 माह | 19 जनवरी 2026 |

नोट-निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमति संध्या-सुनिल मालू) अध्यक्ष नगर परिषद लोहारदा (देवास) — (चेतन ओमप्रकाश मीणा) उपाध्यक्ष नगर परिषद लोहारदा (देवास) — सतीश घावरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद लोहारदा

## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
### सी.टी./पी.टी.
### निविदा सूचना

विज्ञप्ति क्रमांकः 72 — दिनांकः 16.12.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_468786 16.12.2025 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत झोन क्र.12 वार्ड क्र. 65 के अंतर्गत आने वाले यूरिनल सी.टी./पी.टी. में आवश्यक संधारण कार्य करने बाबद। | 4 माह ₹10,83,491/- | ₹2,000/- ₹8,200/- | 15-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 16-01-2026 |
| 02 | 2025_UAD_468787 16.12.2025 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र.19 के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय एवं यूरिनल में आवश्यक सिविल कार्य करवाना। | 4 माह ₹14,81,220/- | ₹2000/- ₹11,200/- | 15-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 16-01-2026 |
| 03 | 2025_UAD_468788 16.12.2025 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 व 75 के अंतर्गत आने वाले सी.टी/पी.टी., यूरिनल, शौचालयों एवं मूत्रालयों में आवश्यक संधारण एवं सिविल कार्य करने बाबद। | 4 माह ₹14,14,219/- | ₹2,000/- ₹10,700/- | 15-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 16-01-2026 |
| 04 | 2025_UAD_468789 16.12.2025 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 07 के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनलों का रिपेयरिंग कार्य कर आवश्यक सिविल कार्य करना। | 4 माह ₹13,38,721/- | ₹2,000/- ₹10,100/- | 15-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 16-01-2026 |
| 05 | 2025_UAD_468790 16.12.2025 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र.18 के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय एवं यूरिनल में आवश्यक सिविल कार्य करवाना। | 4 माह ₹16,89,759/- | ₹2,000/- ₹12,700/- | 15-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 16-01-2026 |
| 06 | 2025_UAD_468791 16.12.2025 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 व 78 के अंतर्गत आने वाले सी.टी/पी.टी., यूरिनल, शौचालयों एवं मूत्रालयों में आवश्यक संधारण एवं सिविल कार्य करने बाबद। | 4 माह ₹14,04,123/- | ₹2,000/- ₹10,600/- | 15-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 16-01-2026 |
| 07 | 2025_UAD_468792 16.12.2025 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र.10 के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनलों का रिपेयरिंग कार्य कर आवश्यक सिविल कार्य करना। | 4 माह ₹15,18,581/- | ₹2,000/- ₹11,400/- | 15-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 16-01-2026 |
| 08 | 2025_UAD_468793 16.12.2025 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 37 के अंतर्गत आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु आने वाले शौचालय/मूत्रालय में आवश्यक सिविल एवं रिपेयरिंग कार्य करना। | 4 माह ₹10,36,803/- | ₹2,000/- ₹7,800/- | 15-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 16-01-2026 |
| 09 | 2025_UAD_468794 16.12.2025 | आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु झोन क्र.15 के अंतर्गत शौचालय एवं यूरिनलों में आवश्यक सिविल एवं अन्य कार्य करने बाबद। | 3 माह ₹8,45,607/- | ₹2,000/- ₹8,500/- | 31-12-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 01-01-2026 |
| 10 | 2025_UAD_468795 16.12.2025 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र.28 के अंतर्गत स्थित समस्त सी.टी./पी.टी. में संधारण एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 3 माह ₹9,82,444/- | ₹2,000/- ₹9,900/- | 31-12-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 01-01-2026 |
| 11 | 2025_UAD_468796 16.12.2025 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र.21 के अंतर्गत स्थित समस्त सी.टी./पी.टी. में संधारण एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 3 माह ₹9,94,975/- | ₹2,000/- ₹10,000/- | 31-12-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 01-01-2026 |
| 12 | 2025_UAD_468797 16.12.2025 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 63 के अंतर्गत आने वाले यूरिनल में आवश्यक संधारण/मरम्मत एवं सिविल कार्य करने बाबद। | 3 माह ₹8,70,126/- | ₹2,000/- ₹8,800/- | 31-12-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 01-01-2026 |
| 13 | 2025_UAD_468798 16.12.2025 | आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु झोन क्र. 15 के अंतर्गत क्षतिग्रस्त जर्जर यूरिनल को ध्वस्त कर नया यूरिनल बनाना एवं आस-पास के यूरिनलों मे मेंटेनेन्स कार्य करने बाबद। | 3 माह ₹8,09,751/- | ₹2,000/- ₹8,100/- | 31-12-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 01-01-2026 |
| 14 | 2025_UAD_468800 16.12.2025 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 28 के अंतर्गत यूरिनल के सेप्टिक टेंक का निर्माण। | 3 माह ₹3,15,883/- | ₹2,000/- ₹3,200/- | 31-12-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 01-01-2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री सी.टी./पी.टी. नगर पालिक निगम, इन्दौर

## IDFC FIRST Bank — आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

CIN: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, आठवीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई -600031। दूरभाषः +914445644000, फैक्सः+914445644022

(पूर्व कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) और 9 (1) का परंतुक देखें]

### अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित।

Online Property Survey

एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से स्तंभ (iii) के अनुसार ऋणी (कों), सह-ऋणी (कों) और गारंटर (कों) को सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iv) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, और जिनका कब्जा पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, स्तंभ (i) के अनुसार ऋणी (कों) और सह-ऋणी (कों) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात) को देय राशि की वसूली के लिए, जैसा कि नीचे वर्णित है, "जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जाएँगी। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| स. क्र. | (i) माँग सूचना राशि | (ii) अनुबंध आईडी | (iii) उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) का नाम | (iv) गिरवी संपत्ति का पता | (v) आरक्षित कीमत राशि | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि और समय | (viii) नीलामी की तिथि और समय अग्रिम जमा राशि | (ix) निरीक्षण की तिथि और समय | (x) अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रू. 1061719.14/- मांग सूचना दिनांकः 10-मई-2025 | 137473050 | सुनील सैन, सविता सैन एवं सुनील सैन सी/ओ माँ जानकी जेंट्स पार्लर | ग्राउंड फ्लोर पर स्थित फ्लैट नंबर 26 का पूरा हिस्सा, कुल क्षेत्रफल 19.89 वर्ग मीटर, ईडब्ल्यूएस, "गौरीशंकर आवास", दिव्या विहार कॉलोनी, ग्रामः जखिया, तहसीलः मल्हारगंज (पूर्व नामः सांवेर), इंदौर, मध्य प्रदेश-452015 में स्थित है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः खुला स्थान, पश्चिमः फ्लैट नंबर 25, उत्तरः खुला स्थान और दक्षिणः गली/सड़क। | रूपये 693600.00/- | रूपये 69360.00/- | 22 जनवरी 2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | 21 जनवरी 2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 13 जनवरी 2026 सुबह 10:00 बजे शाम 4:00 बजे तक | नाम- धीरज कुमार संपर्क नंबर- 7087111974 नाम- पूजा गोयल संपर्क नंबर- 9913465019 |

संपत्ति के स्थान और संपत्ति की छवियों के QR कोड

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त सूचना केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी की गई है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल संपत्ति में मौजूद किसी भी चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांकः 19.12.2025
स्थानः मध्य प्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)